INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

दैनिक
# यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-427 | मथुरा, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## मंडी परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ईवीएम बंद


कृषि मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा करते जवान।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा संसदीय क्षेत्र के 26 अप्रैल को हुए चुनाव में मतदान के बाद सभी ईवीएम रात्रि करीब एक बजे कृषि मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में बंद कर दी गई। इन ईवीएम की चार जून तक सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को दी गई है। यहां

### अर्द्ध सैनिक बल के जवान करेंगे सुरक्षा

सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम के चारों ओर बेरीकेडिंग की गई है।

कैमरे हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। स्ट्रांग रूम का प्रतिदिन जायजा लेने के लिए सीओ स्तर के अधिकारी जाएंगे। इसके साथ ही थाना प्रभारी समय–समय पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करेंगे। जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी समय समय पर औचक निरीक्षण करेंगे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि तीन लेयर सुरक्षा व्यवस्था होगी।

## मथुरा में मतदान के बाद फुरसत में हेमा मालिनी


चुनाव बाद फुर्सत के क्षणों में परिवार के साथ चर्चा करती भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद हेमा मालिनी।

**यूनिक समय, मथुरा।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा में हुए मतदान के बाद शनिवार को प्रत्याशी फुरसत में नजर आए। प्रत्याशियों ने चुनाव के दौरान सुबह से शाम तक मतदाताओं को रिझाने के लिए भाग दौड़ की। भाजपा प्रत्याशी

### परिवार के साथ बिताए पल, कम मतदान होने पर जताई चिंता

हेमा मालिनी मतदान के बाद रिलैक्स मूड में नजर आईं। उन्होंने अपने वृंदावन स्थित आवास पर शनिवार का दिन परिवार के साथ बिताया।

## डाक से भेजे 998 सैनिकों ने मतपत्र

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात मथुरावासी सैनिकों ने भी अपने वोट का इस्तेमाल किया हैं। भले ही उन्होंने अपना वोट गांव में बने मतदान केंद्र पर पहुंचकर नहीं डाला है लेकिन मतगणना में उनके द्वारा डाक से भेजे गए मत पत्र की गिनती अवश्य होगी। अब तक जनपद में ऐसे 998 मतदाताओं के डाक मत पत्र मिल चुके हैं। ये डाक मत पत्र 3 जून तक मथुरा आ जायेंगे। इनकी गिनती 4 जून को की जाएगी।

द्वितीय चरण के अंतर्गत मथुरा में लोकसभा के लिए 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। इसमें 49. 49 प्रतिशत लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को ऐसे मत पत्र भी मिलने लगे हैं, जो मतदाता जनपद में मतदान के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे मतदाताओं की संख्या जनपद में 9580 है। इसमें बड़ी संख्या जनपद के उन युवाओं की है, जो सेना में तैनात हैं। कोई पाकिस्तान की सीमा पर तैनात होकर देश की सुरक्षा कर रहा है तो कोई बांग्लादेश और चीन के बॉर्डर पर सजग पहरी बना हुआ है। मथुरा जनपद का वोटर होने के नाते ऐसे लोगों ने लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए डाक से मतपत्र भेजना शुरू कर दिया है। अब तक 998 डाक मत पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को मिल गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय ने बताया कि डाक मत पत्र आने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मतगणना शुरू होने से पहले तक आने वाले सभी डाक पत्रों को गणना में शामिल किया जाएगा। बाहर रह रहे लोग बड़ी संख्या में डाक के माध्यम से अपना वोट भेजते हैं।

## सफल मतदान के लिए सभी का आभार


शैलेंद्र कुमार सिंह

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जनपद के समस्त मतदाताओं, लोक सभा निर्वाचन के प्रत्याशियों, मीडिया बंधुओं, पुलिस कर्मियों, अर्ध सैनिक बलों तथा मतदान में लगे समस्त कार्मिकों को सफल मतदान के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ।

## 24 बस अड्डों पर कूलर और ठंडे पानी की व्यवस्था

**यूनिक समय आगरा।** परिवहन निगम ने निजी कंपनी के सहयोग से परिक्षेत्र के सभी बस अड्डों पर यात्रियों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर/पंखें एवं ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। आगरा परिक्षेत्र के 24 बस अड्डों पर कूलर लगवाए गए हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि इनमें आगरा के आईएसबीटी पर 04, ईदगाह बस अड्डे पर 02, बिजली घर बस अड्डे पर 03, फतेहपुर सीकरी पर 01, टूंडला 02, बाह में 01 और मथुरा के विभिन्न बस अड्डों पर 10 कूलर उपलब्ध कराए गए हैं। जिनमें मथुरा का भूतेश्वर, पुराना बस अड्डा, गोवर्धन बस अड्डा, बरसाना, नौहझील, वृंदावन और आईएसबीटी जयसिंह पुरा बस अड्डा शामिल हैं।

## जनता बदलाव के मूड में : सुरेश


मथुरा संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह आज सुबह अपने समर्थकों के साथ चर्चा करते हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह आज सुबह फ्रेश मूड से उठे। चाय की चुस्की ली। परिवार के सदस्यों के साथ बैठे। कमरे से बाहर निकले तो उनके शुभचिंतक बैठे थे। सभी ने कल हुए मतदान को लेकर चर्चा की। कुछ लोग दिल्ली से भी आए थे। सुरेश सिंह ने कहा कि मतदान से यह लग रहा है कि जनता बदलाव चाहती। चार जून को ब्रजवासी की ही जीत होगी।

## ठाकुर बांकेबिहारी लाज रखना : मुकेश



**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर बोले आज सुबह उठे, घर पर परिवार के संग बैठकर चाय पी। समर्थकों का आना शुरू हो गया। सभी ने अच्छी रिपोर्ट दी। वह सायं को ठाकुर बांकेबिहारी महाराज की शरण में पहुंचे। प्रार्थना की कि ठाकुर जी लाज रखना।

राहत | इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ई-रिक्शा पंजीकरण पर से रोक हटाई

## मथुरा-आगरा में चलते रहेंगे ई-रिक्शा

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, प्रयागराज /मथुरा।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आगरा व मथुरा में ई–रिक्शा के पंजीकरण पर रोक लगाने की जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया है। कहा कि कानून के तहत ट्रैफिक अनियंत्रित होने के आधार पर पंजीकरण पर रोक लगाने का ट्रांसपोर्ट अधिकारी को अधिकार नहीं है। वह ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए यातायात प्रतिबंधित कर सकते हैं। पंजीकरण पर रोक नहीं लगा सकते।



यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मथुरा के श्री वृंदावन ऑटो सेल्स सहित छह ऑटो एजेंसियों की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिया है।

याचिका पर अधिवक्ता प्रारब्ध पांडेय ने बहस की। सहायक रीजनल ट्रांसपोर्ट अधिकारी मथुरा व आगरा ने सात नवंबर 2023 व आठ जनवरी 2024 की अधिसूचना से ई–आटो, ई–रिक्शा के पंजीकरण पर रोक लगा दी। जिसे डीलरों ने चुनौती दी थी। याची का कहना था कि नियमावली के नियम 178 में पंजीकरण प्रतिबंधित करने का सरकार को अधिकार नहीं है। यह संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(जी) का उल्लघंन है।

### ई—रिक्शा संचालकों को मिली राहत, खुश नजर आए

सरकार ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि ई रिक्शा व ई ऑटो सहित सीएनजी ऑटो यातायात नियमों का पालन नहीं करते। इनकी आवश्यकता से अधिक संख्या होने से ट्रैफिक समस्या खड़ी हो रही है। अकेले मथुरा शहर में 14748 ई रिक्शा, 12346 सीएनजी, थ्री व्हीलर रिक्शा, 695 ई ऑटो चल रहे हैं। 105 से अधिक ई रिक्शा डीलरशिप है। मथुरा आगरा की ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए जनहित में बैन लगाया गया है।

CIMS
सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
(Multi Super Speciality Hospital With 200+ Beds Facility)




कैथलैब, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, ई.को., टी.एम.टी., ई.ई.जी., एन.सी.वी
एडवांस्ड सर्जीकल माइक्रोस्कोप, पैथ-लैबोरेट्री तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध।
देश के जाने-माने अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा
अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय इलाज
अब एक ही छत के नीचे सिम्स मथुरा में 24 घण्टे उपलब्ध है।
टीपीए एवं बीमा कम्पनियों द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
अपॉइंटमेंट बुक करें : 9258113570, 9258113571
सिम्स हॉस्पिटल, निकट श्रीराधा वैली, एन.एच.19, मथुरा

## राधा दामोदर लाल मंदिर में अक्षय तृतीया की तैयारियां

# श्रृंगार के लिए चंदन की घिसाई शुरू

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में इन दिनों अक्षय तृतीया की तैयारी की जा रही है।

बताते चलें कि अक्षय तृतीया के दिन ठाकुर जी को चंदन का श्रृंगार कर सजाया जाता है। साथ ही ठाकुर जी को अक्षय तृतीया के दिन अनेक ठंडी वस्तुओं का भोग लगाया जाता है। इसी क्रम में राधा दामोदर मंदिर में बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज


ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में चंदन घिसते सेवायत।

के सानिध्य में चंदन घिसने का कार्य किया जा रहा है। इसमें चंदन को नित्य

### लगातार 45 दिनों तक किया जाता है चंदन घिसने का कार्य

प्रतिदिन सेवायतों द्वारा ठाकुर जी के श्रृंगार हेतु घिसा जा रहा है। लगातार 45 दिनों तक चंदन घिसने का कार्य किया जाता है। ठाकुर राधा दामोदर लाल के अंग सेवक दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि अक्षय तृतीया पर्व के लिए तैयारियां मंदिर परिसर में प्रारंभ हो गई है। मंदिर परिसर में नित्य प्रतिदिन सेवायतों के द्वारा चंदन घिसने का कार्य किया जा रहा है। यह चंदन साउथ से मंगवाया गया है। इस चंदन में ठंडक प्रदान करने वाली अनेक वस्तुओं का मिश्रण कर अक्षय तृतीया के दिन ठाकुर जी का श्रृंगार किया जाएगा। इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। इसमें संध्याकालीन बेला में ठाकुर राधा दामोदर लाल अपने भक्तों को चंदन का श्रृंगार कर दर्शन देंगे। साथ ही ठाकुर जी को ठंडी वस्तुओं का भी भोग लगाया जाएगा।




पढ़ते रहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

# हीट वेव में घर से बाहर निकलना खतरनाक

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह होते ही तापमान इतना अधिक हो जाता हैं कि लोगों का निकलना घर से मुश्किल होता जा रहा है। घरों में भी गर्मी का भभका इतना ज्यादा है, कि घरों में भी लोग बेचैन हो रहे हैं। पंखा, कूलर भी लोगों को राहत नहीं दे पा रहे है। दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा सा छाया रहता है।

वरिष्ठ डॉ. सिद्धार्थ धनगर ने बताया कि ये गर्मी का मौसम है। सभी को गर्मी से बचना चाहिए। जब घर से बाहर निकले तो शरीर को ढक कर निकलें। तापमान इतना बढ़ गया है कि कभी तबियत खराब हो सकती है। घर से बाहर निकले ही शरीर झुलसने लगता है। बार–बार नींबू पानी का घोल या इलेक्ट्रॉल पाउडर बनाकर पिए, जिससे



पानी की मात्रा कम नहीं हो। गर्मी से शरीर में खुजली हो जाती है। इससे बचने के लिए नारियल का तेल या सरसों का तेल लगाना चाहिए। पसीने में पानी पीने से बचना चाहिए। श्री धनगर ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में बाहर की चीजों को कम–कम खानी चाहिए अधिकतर बच्चे बाहर की चीज खाना अधिक पसंद करते है। बच्चों को बाहर की खाने की चीजों से बचाना चाहिए। इस मौसम में सलाद में खीरे, टमाटर, दही, मठा अधिक खानी चाहिए। गरम मसाले, लाल मिर्च और ज्यादा तेल वाला खाना कम खाना चाहिए।

# कम मतदान क्या गुल खिलाएगा

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** दूसरे चरण में मथुरा लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के 49.49 प्रतिशत को लेकर आज हर किसी की जुबान पर एक ही चर्चा थी कि इतना कम मतदान क्या गुल खिलाएगा।

जनपद में गांवों की चौपालों, चौराहों, चाय की दुकान और पान की दुकानों पर मतदान को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई। लोग यह कहते सुने गए कि 2019 के लोकसभा चुनाव की अपेक्षा अबकी बार मतदाताओं ने मत का प्रयोग करने में दिलचस्पी कम दिखाई।

पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा अब की बार 14 प्रतिशत लोगों ने वोट कम डाले हैं। शनिवार

### कम मतदान ने सभी के चेहरों की रंगत उड़ा दी

को एक चाय की दुकान पर कई लोग चाय की चुस्की लेते–लेते आपस में तू-तू, मैं-मैं होने लगी। चुस्की लेते समय दो लोगों ने कहा कि हमारे जनपद की सीट पर दिग्गज प्रत्याशी मैदान में चुनाव लड़े। यहां से भाजपा, कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी के बीच त्रिकोणी मुकाबला था।

दूसरा बोला कि यह सीट शुरू से ही भाजपा की सीट निकली मान रहे थे। इसके सिवाय और किसी की सीट नहीं निकल सकती है। चाय की चुस्की ले रहे भगवान सिंह ने कहा कि इस सीट पर कांटे की टक्कर थी। बसपा और गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी जनपद के है। हर बात सुनेगें और जनता के बीच रहेंगे। राकेश कुमार कह रहे थे कि सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे है। लेकिन इस बार हुए कम मतदान ने सभी के चेहरों की रंगत उड़ा दी है।

# वैश्य, ब्राह्मण, जाट और ठाकुर वोटरों ने चुनाव से क्यों बनाई दूरी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोई मानें या मानें मथुरा लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के बाद राजनैतिक पंडितों के सामने एक प्रश्न सामने आ रहा है। वह है जाट, ठाकुर, वैश्य और ब्राह्मण वोटरों ने चुनाव से दूरी क्यों बनाई? इन सभी वर्गों के इलाकों में बने बूथों पर सुबह से शाम कोई खास भीड़ दिखाई नहीं दी।

राजनीति में रुचि रखने वाले पंडितों की मानें तो भाजपा के रणनीतिकारों को शायद 26 अप्रैल तक आभास नहीं हुआ कि बड़ी संख्या में लोग चुनाव से दूरी बना सकते हैं। अब एक ही सवाल पैदा होता है कि आखिरकार इन लोगों का दूरी बनाने का कारण क्या रहा?


जानकारों की मानें तो भाजपा के साथ रालोद का गठबंधन होने के बाद मथुरा संसदीय क्षेत्र में जाट वोटर में एक जोश दिखाई देना चाहिए था, पर वह भी नहीं दिखा।

अधिकांश ठाकुर वोटर्स भी दूर–दूर नजर आए। अधिकांश वैश्य और ब्राह्मण वोटर भी मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे।

मतदान पर नजर रखने वाले कहते हैं कि वैश्य और ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर पहले लंबी लाइन लगती थी, इस बार लाइन ही दिखाई नहीं दी। वजह कुछ भी रही, लेकिन लोगों की जुबान पर भीषण गर्मी की बात सुनी जा रही है।

### विरोध के स्वर भी सुनाई दे गए

**यूनिक समय, मथुरा।** लोकसभा चुनाव 2024 में पहले की तरह से प्रचार नहीं किया। ग्रामीण क्षेत्रों में तो अधिकांश वोटरों ने चुनाव प्रचार के बारे में नहीं सुना कि कोई भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने आया हो। इसका परिणाम यह रहा कि कई गांवों में विरोध के स्वर 26 अप्रैल को सुनाई दे गए। वोटरों ने चुनाव का बहिष्कार तक कर दिया। हालांकि अधिकारी और नेताओं ने ऐसे ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया।




# संस्कारों को जागृत रखने की आवश्यकता

**यूनिक समय, वृंदावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीमद् भागवत मंदिरम में आचार्य बद्रीश महाराज के सानिध्य में 12वां जनेऊ संस्कार आयोजित किया गया। इसमें 75 बटुक ब्रह्मचारियों का विधिविधान से यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार किया गया। सभी को गायत्री मंत्र से दीक्षा दी गयी। उन्हें द्विजाति संज्ञा प्रदान की गयी, जिससे उन्हें वेद पढ़ने एवं संध्या वंदन आदिकाल का अधिकार प्राप्त हो जाता है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में संस्कारों को जागृत रखने की महान आवश्यकता है। इस अवसर पर धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति, आचार्य शिवम पांडे, आदित्य शेषा, विकास शर्मा, ध्रुव शर्मा, ओम दुबे, शिवम चौबे, रामजी मिश्रा, शिवांक शर्मा, अंकित शर्मा, सुमित शर्मा तथा सक्षम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

**यूनिक समय, वृन्दावन।** मोतीझील क्षेत्र स्थित योगानंद आश्रम में सफाई कर्मचारियों का पटका पहना कर सम्मान किया गया।महंत स्वामी देवानंद ने कहा सफाई कर्मियों का योगदान ब्रज के लिए सराहनीय है। ये ब्रज की समय पर सफाई रखते हैं और वृंदावन को स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं ऐसे लोगों का सम्मान करके हमें बड़ी खुशी मिली है। अध्यक्षता करते हुए स्वामी सेवादास ने कहा स्वामी देवानंद द्वारा किया गया सफाई कर्मियों का सम्मान काफी सराहनीय है। स्वच्छ और स्वस्थ रखने में उनकी अहम भूमिका रहती है। इस मौके पर डॉ. जयप्रकाश सारस्वत, नंदकिशोर शर्मा एवं लक्ष्मी नारायण आदि उपस्थित थे।



### चुनाव ड्यूटी में मुख्य आरक्षी की हार्ट अटैक से मौत

# पुलिस लाइन में शहीद स्थल पर दी गई अंतिम सलामी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय,मथुरा।** द्वितीय चरण में कल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान थाना यमुनापार इलाके में चुनाव ड्यूटी करने के दौरान आईटीबीपी के मुख्य आरक्षी की हृदयगति रुक जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस लाइन में उसको अंतिम सलामी दी गई।

आईटीबीपी में तैनात मुख्य आरक्षी कुलदीप को ड्यूटी के दौरान सीने में दर्द हुआ। मुख्य आरक्षी की हालत बिगड़ने पर तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां उनको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुख्य आरक्षी की चुनावी ड्यूटी के दौरान हुई मौत के बारे में आईटीबीपी के उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक मथुरा आए। मुख्य आरक्षी कुलदीप के शव को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मार्क पर लाया गया। यहां उप महानिरीक्षक आईटीबीपी और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने शहीद को अंतिम सलामी दी। इस मौके पर आईटीबीपी के जवानों ने भी मुख्य आरक्षी को सलामी दी। इसके बाद उसके शव को ले जाया गया।



पुलिस लाइन में शहीद स्थल पर आईटीबीपी के मुख्य आरक्षी को दी गई सलामी।

### उप महानिरीक्षक आईटीबीपी, एसएसपी व जवानों ने दी सलामी

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कुलपति ने आगाह किया

## रेबीज के लक्षण होने पर मनुष्य या पशु को बचाना असंभव



एक कुत्ते को इंजेक्शन लगाती टीम।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान के कोठारी पशु चिकित्सालय पर 74 पालतू कुत्तों को रेबीज का मुफ्त टीकाकरण करके, उन्हें कीड़े की दवा वितरित की गई तथा साथ ही साथ उनकी आंखों की निःशुल्क जांच भी की गई।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष का विश्व पशु चिकित्सा दिवस पशु चिकित्सक एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यकर्ता विषय के अंतर्गत मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की जूनोटिक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जूनोटिक बीमारियां, वे बीमारियां होती हैं जो पशुओं से मनुष्यों में तथा मनुष्यों से पशुओं में फैलती हैं। एक बार यदि किसी मनुष्य या पशु में रेबीज के लक्षण प्रदर्शित हो जाएं तो उस मनुष्य या पशु को बचाना असंभव हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमें अपने पालतू श्वानों को टीकाकरण कर रखना चाहिए। इस अवसर पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा संकाय प्रो. विकास पाठक, अधिष्ठाता परास्नातक प्रो. अर्चना पाठक प्रो.अजय प्रकाश, प्रो. आर.पी. पांडे, प्रो. संजय पुरोहित, प्रो. दीपक शर्मा, प्रो. विजय पांडे, प्रो. देश दीपक सिंह, प्रो. बृजेश यादव, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डॉ. रजनीश सिरोही, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. नीरज गंगवार एवं डॉ. अनुज आदि उपस्थित थे।


### मारपीट से सफाईकर्मी गुस्से में

## आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**यूनिक समय, वृंदावन।** नगर के अलग अलग इलाकों से सफाई कर्मियों के साथ मारपीट के मामले सामने आए हैं। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि नगर निगम में डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण करने वाले संविदाकर्मी विपिन का आरोप है कि शनिवार की सुबह जब वह वार्ड संख्या 34 काछीपाड़ा गौरानगर क्षेत्र में सड़क किनारे से कूड़ा उठा रहा था, तभी बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाही से चलाते हुए उसके पैर पर बाइक चढ़ा दी। जब उसने विरोध किया तो बाइक सवार तीनों युवकों ने उसके साथ जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं एक युवक ने ईट उठाकर उसके सिर पर मार दी, जिससे उसके गंभीर चोट आई है। वहीं दूसरी ओर गोविंद घेरा क्षेत्र में सफाई कर रहे कर्मचारी भगवान सिंह ने भी स्थानीय युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दो सफाई कर्मियों के साथ मारपीट की सूचना पाकर बड़ी संख्या में सफाई कर्मी और सुपरवाइजर नगर निगम जोनल कार्यालय में इकट्ठा हो गए। आक्रोशित सफाई कर्मी कोतवाली पहुंचे और लिखित तहरीर दी है। उनका कहना है अगर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की तो सफाईकर्मी कामबंद हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**यूनिक समय, कोसीकलां।** पुलिस गश्त के बावजूद बेखौफ चोर दिन दहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर फरार हो गया। हालांकि चोर घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। शनिवार को थाने में दी तहरीर में सुनीता गुप्ता पत्नी हरीओम गुप्ता, निवासी नरसी विलेज कॉलोनी, शालीमार रोड, कोसीकलां ने बताया कि गुरुवार की शाम उसकी हीरो स्पेलेंडर बाइक घर के बाहर खड़ी थी। जब कुछ देर बाद वह घर के बाहर आयी तो देखा कि बाइक चोरी हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग चेक की तो पाया कि मुंह पर कपड़ा लगाए एक युवक बाइक चोरी कर ले जा रहा है। पीड़िता ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।




### बोलती तस्वीर

#### खेलने-कूदने की उम्र में क्या थमा रहे....



माता पिता बच्चे को मोबाइल देकर फ्री होना चाहते है। इसके दुष्परिणाम से अनभिज्ञ है। यह चित्र है विश्वस्तरीय आंखों के अस्पताल का है।

छाया : आरकेजी



KRIDHA GOLD
House of Unique Jewellery
HUID
6 - Digit Hallmark
22KT Verified. Gold
Rate→9557807485
Outside Holigate, Mathura
# HUID hai toh Sona hai



बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा को पहली बार वोट डालने का मौका मिला। वोट डालने के बाद वह प्रफुल्लित नजर आई। कहा कि समझ में आया कि एक वोट की कीमत कितनी होती है।

इंडिया गठबंधन ने चुनाव सही ढंग से लड़ा होता तो...

# कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कोई स्टार प्रचारक नहीं आया

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान हो गया, लेकिन इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने अपने बलबूते पर चुनाव प्रचार किया। यहां तक कि कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की बात छोड़िए इंडिया गठबंधन का कोई बड़ा नेता भी चुनाव प्रचार को नहीं आया।

इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर चुनाव मैदान में उतर गए, लेकिन गठबंधन की पार्टियों में स्थानीय स्तर पर तालमेल नजर नहीं आया। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता चुनाव प्रचार से करीब-करीब दूर रहे। समाजवादी पार्टी के अधिकांश नेताओं ने भी उस तरह से मुकेश धनगर का प्रचार नहीं किया, जिस तरह से करना चाहिए था। ना ही कोई स्टार प्रचारक मथुरा आया। आम आदमी पार्टी तो प्रचार में नजर तक नहीं आई। कांग्रेस की गुटबाजी अंदरूनी तौर पर नजर आई। इन परिस्थितियों में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी मुकेश धनगर को नेतृत्व से ही उम्मीद बाकी थी। प्रत्याशी को भी इस उम्मीद का फायदा उठाना नहीं आया। इस बात की चर्चा है कि प्रत्याशी और पार्टी के लीडर अगर यहां के लिए किसी बड़े लीडर को बुलाने के लिए प्रोग्राम बनाकर भेजते तो चुनाव प्रचार के लिए कोई बड़ा लीडर जरूर आता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मतदान के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में काम भी नहीं किया। कुछ नेताओं ने प्रत्याशी को मिलने वाले वोटों को ही दूसरे प्रत्याशी के पक्ष में मोड़ दिया। इस तरह का मामला कांग्रेस में चल रही कलह का नतीजा रहा। चर्चा तो यहां तक है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने तो पार्टी प्रत्याशी का काम तक नहीं किया। कांग्रेस के एक बुजुर्ग नेता का कहना है कि कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन ने इस चुनाव को सलीके से लड़ा होता तो चुनाव की बात ही कुछ और होती।

उठावनी



स्व. दीपक दानी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय सुपुत्र दीपक दानी का आकस्मिक निधन दिनांक 25.04.2024 दिन गुरुवार को हो गया है। उठावनी (आज) दिनांक 28.04.2024 दिन रविवार को (महिलाओं एवं पुरुषों) की स्थानः अग्रवाटिका, मसानी लिंक रोड, मथुरा पर अपराह्न 4 से 5 बजे तक होगी।

शोकाकुल

विजय कुमार दानी (पिता) श्रीमती शालिनी दानी (पत्नी)
कवीशा दानी (पुत्री) लोकेश-अंजुल (बहनोई-बहन)
सक्षम दानी (पुत्र) अखिल-ज्योति (बहनोई-बहन)
मिथलेश (चाची) अमित-दीप्ति (बहनोई-बहन)
सुनिता-राकेश दानी (चाची-चाचा) रीतेश-तरंग (बहनोई-बहन)
प्रतीक दानी, संकेत दानी (भाई) सृष्टि (बहन)
अध्यन, अविक, अवयुक्त (भतीजे) कनक, जिज्ञाशा, ऐशानी (भांजी)
शौर्य, कार्निक, कृशिव (भांजे)

प्रतिष्ठान
दानी प्रिन्टिंग प्रेस, हाईटिक प्रिन्टिंग एवं पब्लिशर, मथुरा

ससुराल पक्ष- नारायण दास अग्रवाल, जी .एल.ए. विश्वविद्यालय, मथुरा (चचिया ससुर)
रामकिशोर अग्रवाल, आर.के. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, मथुरा
अशोक, माधव, मुरारी, अनूप, नीरज, विवेक (सालेगण)

# अखंड संकीर्तन महायज्ञ में बही भक्ति की रसधारा



कोसीकलां स्थित राधामाधव मंदिर में चल रहे अखंड संकीर्तन महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** राधा माधव मंदिर में चल रहे अखंड संकीर्तन महायज्ञ में शामिल होने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित हो रही है। मंदिर पर प्रतिदिन राधामाधव भगवान की झांकी सजाई जा रही है। झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु अपने को धन्य समझ रहे है। कोलकाता की कीर्तन मंडली संकीर्तन के साथ नृत्य कर रही थी। पूरा मंदिर परिसर हरे राम हरे राम के जयघोषों से गुंजायमान हो रहा। मंदिर पर आयोजित प्रवचनों में महंत चैतन्यदास महाराज ने कहा कि कलियुग में श्रवण एवं कीर्तन के माध्यम से मनुष्य अपने कुल व परिवार का कल्याण कर सकता है। जिस तरह से एक परम भगवान सब जीवों की आवश्यकताओं को पूरा करता है, उसी तरह परिवार में पिता अपने आश्रितों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता है। आवश्यकता सिर्फ भगवान का ध्यान लगाने की है। महंत चैतन्यदास महाराज ने कहा कि हर मनुष्य चाहता है परिवार में सब मंगल कार्य हों। परिवार आनंदमय हो। लेकिन मनुष्य के मन की दो इच्छाएं परिवार को आनंदमय नहीं रहने दे रही। हम दो हमारे दो या चार इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस मौके पर गणेशदास महाराज, रासबिहारी दास, दिनेश बठैनियां, बिजेंद्र तिवारी एवं रामू आदि थे।

# ऑटो चालकों ने आरपीएफ जवानों के साथ की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता

## व्यवस्था ठीक कराने के दौरान हुई घटना

## तीन ऑटो चालकों के खिलाफ दर्ज किया केस

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन की यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे ऑटो चालकों ने आरपीएफ के जवानों के साथ अभद्रता कर दी। अभद्रता करने वाले तीन ऑटो चालकों के खिलाफ आरपीएफ ने केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जंक्शन रेलवे स्टेशन की मुख्य एंट्री की ध्वस्त होती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार की रात आरपीएफ ने अभियान शुरू किया। इसके तहत आरपीएफ जवानों ने यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे ऑटो आदि को सलीके के साथ पार्किंग में खड़ा कराना शुरू किया। आरपीएफ की इस कार्यवाही का विरोध तीन ऑटो चालकों ने करते हुए उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। इस पर जवानों ने थाने से अतिरिक्त जवानों को बुलाया। फोर्स को आता देख अभद्रता करने वाले ऑटो चालक वहां से भाग गए। इस घटना का पता लगने पर आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी भी मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऑटो चालक सवारियां भरने के चक्कर में वीआईपी गेट के निकट ऑटो खड़ा कर प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाते हैं। उन्हें कई बार बताया जा चुका है कि वह पार्किंग में अपने ऑटो को खड़ा करें, लेकिन वह नहीं मानते हैं। अभद्रता करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की जा रही है। अन्य ऑटो चालकों को हिदायत दी गई है कि वह नियत पार्किंग में ही अपने ऑटो को खड़ा कर सवारी तलाश करें।

तृतीय पुण्य स्मरण



श्रीमती विनीता अग्रवाल जी

स्वर्गवासः 28.04.2021

हर ख़ुशी में कुछ कमी रह जाती है,
आँखें थोड़ी शबनमी रह जाती हैं,
जिन्दगी को हम कितना भी संवारें,
बिन आपके कोई न कोई कमी रह जाती है।

आपकी तृतीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

श्रद्धानवत

सुशीला देवी (सास), विष्णु अग्रवाल (पति)
राजीव अग्रवाल-सुनीता अग्रवाल (देवर-देवरानी)
यश अग्रवाल-राशि अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
एवं नैना अग्रवाल (पुत्री)

-फर्म-
यश टैक्सटाइल (रेखा साड़ी), मथुरा 9837212134
नैना इन्टरप्राईजेज, मथुरा 9412280300

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 36 हजार रुपये

**यूनिक समय, कोसीकलां।** एटीएम कार्ड बदलकर 36 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर रुपये निकासी का संदेश मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित ने थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। शहर के लालाराम मार्ग निवासी चंद्रप्रकाश शनिवार की दोपहर रुपये निकालने के लिए पुराना जीटी रोड स्थित गांधी चिकित्सालय के सामने बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर पहुंचा। इस दौरान एटीएम के अंदर एक व्यक्ति खड़ा हुआ था। उसने चंद्रप्रकाश को झांसे में लेकर उसका एटीएम कार्ड बदलते हुए उसका पिन कोड देख लिया और मौके से फरार हो गया। चंद्रप्रकाश ने एटीएम से रुपये निकालने का प्रयास किया तो कामयाबी नही मिली। वह घर लौट आया कुछ देर बाद खाते से 36 हजार रुपये निकलने का मोबाइल पर संदेश मिला, तो उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत ही अपने एटीएम को बंद कराया। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर दी।

Tally
POWER OF SIMPLICITY
Only Authorised Institute In Mathura By Tally Education Pvt Ltd.
TEPL Tally Education
TALLY CERTIFIED COURSES
LEARN EARN GROW
TALLY CERTIFICATIONS
TallyEssential
TallyProfessional
LEVEL - 1
LEVEL - 2
LEVEL - 3
& COMPREHENSIVE
Online Classes Available
Online Practical on Registered Software with intership program
REGISTER TODAY
DIOS Reg No. : M-422



Tally Educator and Computer Centre
Krishna Puram Colony, Bairaz Road, Aurangabad. Dist-Mathura. Pincode - 281006
Call : 7579833921

# महिला ने मालगाड़ी के आगे कूद कर जान गवाई

## पहनावे से शहरी क्षेत्र की प्रतीत हो रही है

## शिनाख्त के लिए जीआरपी जुटी जांच में

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को पूर्वान्ह में एक महिला मालगाड़ी के सामने कूद गई। उसने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला के शहरी क्षेत्र का होने की शंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कल दोपहर के वक्त 11 बजे जंक्शन रेलवे स्टेशन के दिल्ली एंड आउटर पर एक महिला मालगाड़ी के आगे कूद गई थी। महिला के इंजन के सामने कूदते ही मालगाड़ी के लोको पायलट ने ब्रेक लगा कर उसे रोक दिया। महिला इंजन के नीचे फंस गई। उसकी सांसें चल रही थी, लेकिन सिर में गहरी चोट होने के कारण वह कुछ बोल नहीं पा रही थी। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल और वहां से उसे आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। आगरा में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। उसने आसमानी रंग की साड़ी और इसी रंग का ब्लाउज पहना हुआ है। उसके पैरों में सफेद धातु की पायल और हाथ में आर्टिफीशियल पीले रंग की दो दो चूड़ियां है। जीआरपी थाने के उप निरीक्षक गौरव वर्मा महिला के शव की पहचान में जुटे हैं। बताया कि महिला के शव की पहचान के लिए थाना हाईवे, शहर कोतवाली व गोविन्द नगर थाना पुलिस से सम्पर्क किया है। कंट्रोल को भी शव का फोटो भेजा है। सम्भावना है कि महिला शहरी क्षेत्र की रहने वाली हो सकती है। महिला का शव पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति स्थित मौजा गोविंदपुर प्लाट नं 13 मथुरा, जिसका मूल बयनामा बही .1 -जिल्द सं. 6395 पृष्ठ सं.-251 से 270 पर क्रमांक 4442 दिनांक 22.03.2010 पर पंजीकृत है जो वास्तव में खो गई है। जिसकी सूचना रिपोर्ट ई. एफ. आई. आर. के माध्यम से दी जा रही है, ई. एफ. आई. आर. (LAR NO-20240000312619) दिनांक 26.04.2024 को दर्ज है वर्तमान में जिसकी रजिस्ट्री बसंती पत्नी सोनपाल के नाम दर्ज है। जो कि आई.एस.एफ.सी. से कि उक्त सम्पत्ति को बंधक रख ऋण ले रहा है। उक्त दस्तावेज का उपयोग किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध व गैर कानूनी होगा। उक्त दस्तावेज यदि किसी को प्राप्त हो या इसके सन्दर्भ में कोई अन्य अपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर आई.एस.एफ.सी. के शाखा प्रब्धक अंकित मेहता मो.न. 9719073267 ब्राच का पता SKM टावर, कृष्णा नगर मथुरा के समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त दिनों की अवधी पूरी होने के बाद यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है।

दूसरे चरण का चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस ने इस बड़े नेता के खिलाफ लिया एक्शन

# छह साल के लिए पार्टी से बाहर किया

**यूनिक समय, बाड़मेर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया खत्म होते ही कांग्रेस ने पार्टी के विरूद्ध गतिविधियों में शामिल होने की शिकायतों के बाद नेताओं पर कार्यवाही शुरू कर दी है। पार्टी ने बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री अमीन खान को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

अमीन खान विधानसभा चुनाव में शिव विधानसभा सीट से कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद निष्कासित पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान की वापसी को लेकर नाराज चल रहे थे और फतेह खान की वापसी को लेकर लगातार राजनीतिक मंचों से पार्टी और कांग्रेस के कई नेताओं के विरूद्ध बड़े आरोप लगाकर मोर्चा खोले हुए थे।

अमीन खान बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की टिकट पर लगातार 10 विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने पांच बार जीत दर्ज की थी। एक बार राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। अमीन खान बाड़मेर जैसलमेर की राजनीति में अल्पसंख्यक समुदाय के बड़े नेता हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष की बगावत के बाद चुनाव हार गए थे और तीसरे नंबर पर रहे थे। अमीन



खान का पोता वर्तमान में बाड़मेर जिले की गडरा रोड पंचायत समिति से प्रधान है। अमीन खान बाड़मेर जिले की सिवाना विधानसभा सीट से कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले सुनील परिहार और शिव विधानसभा सीट से अमीन खान के सामने बगावत कर चुनाव लड़ने वाले पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष फतेह खान की कांग्रेस में वापसी को लेकर लगातार विरोध कर रहे थे। पार्टी ने उनके विरोध को नजरअंदाज कर कुछ समय पहले फतेह खान का निष्कासन रद्द कर पार्टी में शामिल कर लिया। इसके बाद अमीन खान लगातार पार्टी से नाराज चल रहे थे और खुले मंच से कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश चौधरी पर मुस्लिम समाज को तोड़ने और अपने फायदे के लिए कांग्रेस पार्टी का इस्तेमाल करने का आरोप लगा रहे थे। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमीन खान द्वारा शिव विधानसभा मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करवाया गया था। इस सम्मेलन में फतेह खान नहीं आए। फतेह खान ने शिव विधानसभा क्षेत्र के गागरिया में एक और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करवाया। अमीन खान ने कहा कि यह फतेह खान जिसने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हराने का काम किया वह एक बार फिर कांग्रेस में आकर पार्टी के दो फाड़ करने की कोशिश कर रहा है लेकिन कांग्रेस के बड़े नेता इस पर कार्रवाई करने के बजाय इसका साथ दे रहे हैं। फतेह खान कांग्रेस में जाट नेताओं द्वारा पोषित नेता हैं और उन्हीं के इशारे पर मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमीन खान हज की धार्मिक यात्रा पर चले गए और 22 अप्रैल को वापस लौटते ही अपने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति नाराजगी जताते हुए पार्टी से दूर रहने का इशारा किया। हालात को भांपते हुए कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने अमीन खान के निवास स्थान जाकर मनाने की कोशिश भी की लेकिन अमीन खान ने दो टूक में कह दिया कि कार्यकर्ता अपने वोट दे चुके हैं ऐसे में अब कुछ नहीं होने वाला। इसके बाद हेमाराम चौधरी, हरीश चौधरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष गफूर अहमद सहित बड़े नेताओं ने अमीन खान को मनाने की कोशिश की लेकिन अमीन खान नहीं माने और अपने कार्यकर्ताओं को निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के साथ रहने का इशारा किया। जिसके बाद अमीन खान के करीबी लोग रविंद्र सिंह भाटी की चुनावी सभाओं के दौरान मंच साझा करते हुए दिखाई दिए। अमीन खान द्वारा पार्टी से बगावत की खबरों के बाद सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ इस ऑडियो में अमीन खान से पूछा गया कि अब पार्टी के विरूद्ध कार्य कर रहे हैं, आप पर पार्टी एक्शन ले सकती है। इस पर अमीन खान ने कहा कि पार्टी का अनुशासन और कार्रवाई मैंने देख रखी है। विधानसभा चुनाव में पार्टी ने निर्दलीय चुनाव लड़कर पार्टी को हराने वाले नेताओं को 6 साल के लिए निष्कासित किया था और वह 6 साल की अवधि 3 महीने में ही पूरी हो गई। ऐसे में यदि पार्टी उन्हें निष्कासित करती है तो वह भी 3 महीने में पार्टी में वापसी कर लेंगे।

# तृणमूल कांग्रेस को घोषित किया जाए आतंकी संगठन



## शुभेंदु अधिकारी ने की मांग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इसको लेकर पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। इतना ही नहीं उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग भी की। अधिकारी ने कहा, 'संदेशखाली में पाए गए सभी हथियार विदेशी हैं। आरडीएक्स जैसे विस्फोटकों का इस्तेमाल भयानक राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में किया जाता है। इन सभी हथियारों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी करते हैं।"

भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा, "मैं तृणमूल कांग्रेस को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग करता हूं। यह राज्य एक स्वर्ग है। एगरा के खड़ीकुल में हुई घटना का ट्रेलर देखने वाले लोगों ने आज संदेशखाली में आरडीएक्स और घातक हथियारों की बरामदगी की फिल्म देखी। इसके लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं।' इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ हिंसा से संबंधित एक मामले में सीबीआई ने संदेशखाली में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सीबीआई ने विदेशी निर्मित पिस्तौल और रिवॉल्वर सहित बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।


बता दें कि इस साल की शुरुआत में पश्चिम बंगाल के राशन वितरण में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में जब ईडी की टीम शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारने पहुंची थी। इस दौरान स्थानीय लोगो ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था और अर्धसैनिक बलों के वाहनों को घेर लिया था। इतना ही नहीं भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की थी। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। इस मामले को लेकर लेफ्ट और बीजेपी पार्टियों ने ममता सरकार के खिलाफ जमकर विरोध किया।

भाजपा का प्रचार करने की खौफनाक सजा

# नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को मौत के घाट उतारा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार की तमाम कोशिशें बेकार साबित हो रही हैं। राज्य की कई जगहों पर भारी संख्या में सेना के जवान तैनात हैं मगर इसके बावजूद नक्सली अपने गलत मनसूबों में कामयाब हो रहे हैं। इसका एक नमूना देखने को मिला छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावी क्षेत्र दंतेवाड़ा में जहां नक्सलियों ने पूर्व सरपंच के घर में घुसकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

मामला दंतेवाड़ा के अरनपुर थाना क्षेत्र का है। यहां मौजूद पोटली के पूर्व जनपद सदस्य और सरपंच रह चुके जोगा पोडियामी को नक्सलियों ने मार डाला। खबरों की मानें तो शुक्रवार को देर रात कुछ हथियारबंद नक्सली



घर में जबरन घुस आए और उन्होंने जोगा को मौत के घाट उतार दिया। मौत की वजह भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार बताई जा रही है। जोगा पर आरोप था कि वो दंतेवाड़ा में बीजेपी का प्रचार कर रहे थे, जिसकी वजह से नक्सलियों ने उन्हें अपना निशाना बनाया।

बता दें कि जोगा पोडियामी पहले सीपीआई के सदस्य थे, मगर बाद में उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। ऐसे में सीपीआई छोड़ने के बाद से ही जोगा का परिवार नक्सलियों की रडार पर था। छह साल पहले नक्सलियों ने जोगा के बेटे की भी जान ले ली थी और अब जोगा को भी घर में घुसकर मार डाला है। जोगा की मौत के बाद दंतेवाड़ा में नक्सलियों का खौफ बढ़ने लगा है।

लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान में भी नक्सलियों का खौफ देखने को मिला था। चुनाव आयोग और सरकार की कई कोशिशों के बावजूद लोग मतदान करने के लिए घरों से बाहर नहीं निकले। नतीजतन दोनों ही चरणों में वोट प्रतिशत काफी कम रहा। बता दें कि पहले चरण में सिर्फ बस्तर सीट पर वोटिंग हुई थी तो दूसरे चरण में कांकेर, राजनंदगांव और महासमुंद में मतदान हुए। अब तीसरे चरण में राज्य की बाकी 7 सीटों पर चुनाव होंगे।




मां ने किया बड़ा खुलासा

# जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल कहां से लड़ेगा चुनाव



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं ने जोड़ पकड़ लिया है। इस बीच उसकी मां ने उसके लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। बता दें कि चरमपंथी अमृतपाल इस समय असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। खबर है कि अमृतपाल सिंह खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

वहीं अब अमृतपाल की मां ने उसके चुनाव को लेकर बयान दिया है। न्यूज एजेंसी अठक के अनुसार अमृतपाल की मां बलविंदर कौर ने खुद उसके चुनाव लड़ने पर मुहर लगाई है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अमृतपाल सिंह चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं था, लेकिन अब 'हालत' को देखते हुये उसे ऐसा करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि 'अमृतपाल सिंह पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और अब वह खडूर साहिब लोकसभा से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहा है। यह चुनाव वह किसी पार्टी से नहीं लड़ेगा। अमृतपाल पंजाब के मुद्दों को अच्छी तरह से जानता है और यह चुनाव उन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाएगा।' अमृतपाल की मां ने आरोप लगाया कि अमृतपाल के पिता और चाचा जेल में मिलने गये थे, तो एजेंसियों की मौजूदगी में बात भी नहीं हो सकी क्योंकि एजेंसियां नहीं चाहतीं कि अमृतपाल चुनाव लड़े। मां ने दावा किया कि एजेंसियों को इस बात का डर है कि सरकार के जुल्म और अन्याय की कहानियां दूसरे देशों तक भी पहुंचेंगी।

## पीएम मोदी ने एक भी चुनावी वादा पूरा नही किया– मल्लिकार्जुन खड़गे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने चुनावी वादों में से एक भी लागू नहीं किया। फिर भी भाजपा के लोग कहते हैं कि मोदी ने देश के लिए बहुत काम किया। मैं ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहता। कांग्रेस उन लोगों की पार्टी है जिन्होंने भारत को स्वतंत्र कराया। भाजपा ने कभी भी भारत की आजादी के लिए भारत के विकास के लिए लड़ाई नहीं लड़ी। वे देशभक्ति के बारे में इतनी बातें करते हैं कि नेहरू उनके सामने कुछ भी नहीं हैं। इंदिरा गांधी उनके सामने कुछ भी नहीं हैं और लाल बहादुर शास्त्री उनके सामने कुछ भी नहीं हैं। मोदी ही सब कुछ हैं।

## सिखों का भाजपा में शामिल होना गौरव की बात–जेपी नड्डा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हम जानते हैं कि सिख भाइयों ने किस तरीके से देश के लिए बलिदान दिया। देश में कई बार विदेशी आक्रमण हुए उन सबको मुंहतोड़ जवाब देने में सिख भाइयो का बड़ा योगदान है। ऐसे सिख समाज के लोग भाजपा में शामिल हो, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

## सम्पादकीय

# अदालत का फैसला करेगा महिलाओं को सशक्त

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही स्त्रीधन की समुचित व्याख्या करते हुए जो फैसला दिया है, वह कानूनी दृष्टि से तो लोगों को स्त्री के अधिकारों को छीनने से रोकेगा ही। साथ ही सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी पत्नियों के हक को पुख्ता करेगा। बेहतर तो यह है कि पारिवारिक विवाद परिवार या समाज के स्तर पर ही सुलझा लिए जाएं। इसमें पुलिस–कोर्ट–कचहरी को हस्तक्षेप न करना पड़े। यदि ऐसा हो जाए तो हालात बदल सकते हैं। जब तक ऐसा संभव नहीं होता, तब लोगों को कोर्ट की शरण लेनी ही पड़ेगी और तब कोर्ट ही दूध का दूध और पानी का पानी करेगा। स्त्रीधन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।



पवन गौतम
संपादक

सुप्रीम कोर्ट का फैसला वर पक्ष को आईना दिखाने के साथ आगाह भी करने वाला है कि वह स्त्रीधन को अपनी बपौती समझने की भूल न करे। कोई ऐसा करता है तो यह उसके लिए भूल हो सकती है, लेकिन कानून की नजर में यह अपराध है। इसमें संबंधित व्यक्ति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406 के तहत मुकदमे की कार्रवाई का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट रूप में रेखांकित कर दिया है कि स्त्रीधन पर केवल और केवल स्त्री का ही हक है। उसके पति का इस पर कोई अधिकार नहीं है। यह कड़वी सच्चाई है कि देश का जो सामाजिक परिवेश है, उसमें स्त्री धन पर ससुराल पक्ष अपना हक मानता है। जाने–अनजाने यह भूल व्यापक स्तर पर होती आ रही है। विवाह के समय महिला को मिलने वाले धन, कपड़े, आभूषण, उपहार और कालांतर में नौकरी से लड़की को होने वाली आमदनी सब पर पूरा हक मानने की सामान्य प्रवृत्ति बड़ी संख्या में आम भारतीय परिवारों में घर की हुई है। यह कहने में भी कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि ससुराल पक्ष इस पर सिर्फ और सिर्फ अपना अधिकार समझता है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्हें ऐसा करने से रोकेगा। इस फैसले के बाद समस्या जड़ से समाप्त हो जाएगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता। महिलाओं को दहेज की समस्या से बचाने के लिए दहेज निरोधक कानून बनाया गया। इसके बावजूद दहेज का व्यापक प्रचलन है या कह सकते हैं कि खुले आम लिया और दिया जा रहा है। साथ ही इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि कानून बनने के बाद इसके क्रियान्वयन में सख्ती होती है, तो इसका असर समाज में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। किसी भी समस्या को दूर करने के लिए कानून का सख्ती से क्रियान्वयन बहुत आवश्यक है।

ताजा फैसला विश्वास जगाने वाला है। यह समस्या पर चोट करने वाला साबित होगा। फैसला इस पहलू से भी उपयोगी है कि इससे समाज में जागरूकता के प्रसार भी होगा। जागरूकता और कानून का भय, ये दोनों पहलू मिलकर ही व्यवस्था को पटरी से उतरने से रोकते हैं। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनको उत्पीड़न से बचाने के लिए जांच एजेंसियों को शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने पर ध्यान देना चाहिए।

## नजरिया

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर

योगेंद्र योगी

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े–बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की उबड़–खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे–ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून–खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी।

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े–बड़े दिग्गज नेताओं की नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे।

पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दबाव के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा।

चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ़ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफ़ी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर



स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफ़ी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया।

इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फ़ैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख़ को नज़रबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख़ द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख़ ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख़ ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे ख़राब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर ज़रूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाईलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रविष्टि करने का फ़ैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी। ये शेषन का ही बूता था कि उन्होंने चुनाव में पहचान पत्र का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया।

शेषन ने साफ कह दिया कि अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए गए तो 1 जनवरी 1995 के बाद भारत में कोई चुनाव नहीं कराए जाएंगे। शेषन के दौर में ही हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दिन पंजाब के मंत्रियों के 18 बंदूकधारियों को राज्य की सीमा पार करते हुए धर दबोचा गया। उत्तर प्रदेश और बिहार सीमा पर तैनात नागालैंड पुलिस ने बिहार के विधायक पप्पू यादव को सीमा नहीं पार करने दी।

हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल गुलशेर अहमद को चुनाव आयोग द्वारा सतना का चुनाव स्थगित करने के बाद उन्हें अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। गुलशेर अहमद पर आरोप था कि उन्होंने राज्यपाल पद पर रहते हुए अपने पुत्र के पक्ष में सतना चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया था। उसी तरह राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल बलिराम भगत को भी शेषन का कोपभाजन बनना पड़ा था, जब उन्होंने एक बिहारी अफ़सर को पुलिस का महानिदेशक बनाने की कोशिश की। शेषन ने बिहार में पहली बार चार चरणों में चुनाव करवाया और चारों बार चुनाव की तारीखें बदली गईं। ये बिहार के इतिहास का सबसे लंबा चुनाव था। शेषन ने आचार संहिता के उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं होने दिया, जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री प्रणब मुखर्जी को अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु इतने नाराज़ हुए कि उन्होंने उन्हें पागल कुत्ता कह डाला। साल 1992 के शुरू से ही शेषन ने सरकारी अफ़सरों को उनकी ग़लतियों के लिए लताड़ना शुरू कर दिया था। उसमें केंद्र के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव भी शामिल थे। बीते दशकों में टीएन शेषन से ज्यादा नाम शायद ही किसी नौकरशाह ने कमाया हो। वर्ष 1990 के दशक में तो भारत में एक मज़ाक प्रचलित था कि भारतीय राजनेता सिर्फ़ दो चीज़ों से डरते हैं। एक खुदा और दूसरे टीएन शेषन से।

## विचार–विण्डो

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

डॉ. निशा शर्मा

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले और दूसरे चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। वैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66% युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे ज़ारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है।

समाज में आज युवा–वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढ़ता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आज़ादी पायी थी। ज़रा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा–शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तर्मन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं। विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यतः कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारात्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है। किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66% जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्ति संपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें की लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेंगे और करवाएंगे।

### टीम ने केकेआर के खिलाफ एकतरफा दर्ज की जीत

# पंजाब किंग्स ने तोड़ा सनराइजर्स हैदराबाद का आईपीएल में रिकार्ड



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में ना सिर्फ एकतरफा जीत दर्ज की बल्कि उन्होंने अपनी पारी के दौरान कुल 24 छक्के भी लगाए। इसी के साथ पंजाब ने सनराइजर्स हैदराबाद टीम के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में खेले गए 42वें मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड टूटते हुए देखने को मिले। इस मैच में जहां दोनों पारियों को मिलाकर कुल 523 रन बने तो वहीं कुल 42 छक्के भी लगे।

केकेआर की टीम ने मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाए थे तो वहीं पंजाब किंग्स की टीम ने इस टारगेट को सिर्फ 18.4 ओवरों में हासिल करते हुए सभी को चौंका दिया। इस जीत के साथ पंजाब ने इसी आईपीएल सीजन में बने सनराइजर्स हैदराबाद टीम द्वारा एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में अब तक सबसे ज्यादा रिकॉर्ड इस सीजन में टूटते हुए देखने को मिले हैं, जिसमें पंजाब किंग्स की टीम ने केकेआर के खिलाफ मैच में अपनी पारी में 24 छक्के लगाने के साथ इसी सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद टीम द्वारा एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। हैदराबाद की टीम ने इसी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में अपनी पारी के दौरान 22 छक्के लगाए थे, वहीं अब पंजाब किंग्स ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। वहीं इस मैच में टी20 क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूटते हुए देखने को मिला जिसमें केकेआर और पंजाब के बीच मुकाबले में बाउंड्री के जरिए कुल 400 रन बने जो अब तक किसी भी मैच में सबसे ज्यादा है। इससे पहले आरसीबी बनाम हैदराबाद के मैच में भी बाउंड्री से दोनों टीमों ने मिलाकर कुल 400 रन बनाए थे।

पंजाब किंग्स की टीम ने केकेआर के खिलाफ मैच में पहले 6 ओवर में ही 93 रन बना दिए थे, जिसके बाद ये आईपीएल इतिहास का अभी तक का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। इसी सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में पहले 6 ओवरों में 126 रन बनाए थे, जो टी20 क्रिकेट में पावरप्ले में बना अभी तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

### नहीं देखा होगा इन दो सुपरस्टार्स जैसा याराना

# जिनकी मौत की तारीख से लेकर वजह तक रही सेम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज बॉलीवुड के दो दिग्गज एक्टर्स की डेथ एनिवर्सरी है। ये दोनों स्टार्स जिगरी दोस्त थे। दोनों ने कई फिल्मों में भी साथ काम किया है। वहीं आपको जानकर हैरानी होगी की इन दोनों की मौत की वजह भी एक रही है। जानिए कौन हैं वो दोनों सुपरस्टार्स?

बॉलीवुड के कई सितारे सालों से पक्के दोस्त हैं। इनकी दोस्ती की मिसाल पूरी फिल्म इंडस्ट्री में दी जाती है। इस लिस्ट में शाहरुख खान से लेकर सलमान खान, रणवीर सिंह से लेकर अर्जुन कपूर और काजोल से लेकर करण जौहर तक के नाम शामिल हैं। लेकिन आज हम आपको दो ऐसे सुपरस्टार्स की दोस्ती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी दोस्ती की मिसाल आज तक दी जाती है। इतना ही नहीं आपको जानकर हैरानी होगी कि इन दोनों की डेथ भी एक ही तारीख को हुई थी वहीं इनकी मौत की वजह भी एक ही थी। जानिए कौन हैं वो दोनों एक्टर? हम जिन एक्टर्स की बात कर रहे हैं, वो हैं



विनोद खन्ना और फिरोज खान। दोनों की दोस्ती के खूब चर्चे थे। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में भी काम किया है। दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब प्यार किया था। दोनों ने साथ में जो भी फिल्म की उसे हिट की गारंटी माना जाता था। वहीं पर्दे पर इन दोनों की जोड़ी जितनी हिट थी रियल लाइफ में भी दोनों एक-दूसरे के काफी करीब थे। दोनों एक-दूसरे के जिगरी दोस्त थे। इनकी दोस्ती के उस जमाने में खूब चर्चे हुआ करते थे। दोस्ती के अलावा इनमें खास बात जो है वो दोनों का डेथ। जी हां, आप लोग ये सुनकर चौंक जाएंगे कि दोनों एक्टर्स की डेथ 8 साल के गैप में एक ही तारीख को हुई थी। जहां फिरोज खान का निधन 27 अप्रैल 2009 को हुआ था। वहीं दूसरी तरफ फिरोज के डेथ के 8 साल बाद 27 अप्रैल 2017 को विनोद खन्ना का निधन हुआ था। इतना ही नहीं दोनों का निधन भी एक ही बीमारी की वजह से हुआ था। जहां फिरोज खान लंग कैंसर की वजह से अपनी जिंदगी से जंग हार गए थे। तो वहीं विनोद खन्ना ब्लैडर कैंसर से। बता दें कि फिरोज खान और विनोद खान ने पहली बार फिल्म 'शंकर शंभु' के सेट पर मिले थे, जहां से दोनों की दोस्ती की शुरुआत हुई थी। इस फिल्म में फिरोज ने शंकर और विनोद ने शंभु का किरदार निभाया था। फिल्म तो सुपरहिट हुई ही इसके साथ ही दोनों की दोस्ती भी चल पड़ी। और देखते ही देखते दोनों एक दूसरे के करीबी दोस्त बन गए। वहीं इसके बाद साल 1980 में आई फिल्म 'कुर्बानी' में भी दोनों ने दोस्त का रोल प्ले किया था। इसके बाद दोनों साल 1988 में आई फिल्म 'दयावान' में साथ नजर आए थे।

### आईसीसी ने युवराज सिंह को बनाया टी20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर

# युवराज बोले-मेरे लिए गौरव की बात

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरू होने में अब मात्र 36 दिन बचे हैं। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के दिग्गज युवराज सिंह को आगामी टी20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। युवराज अब वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और 8 बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ पहले से घोषित ब्रांड एंबेसडर में शामिल हो गए हैं, जो अब तक के सबसे बड़े टी20 विश्व कप के उत्साह को बढ़ाएंगे।



युवराज सिंह ने 2007 में पहले टी20 विश्व कप के दौरान एक ओवर में 6 छक्के जड़कर 36 रन बनाए थे और भारत को पहला टी20 वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। युवराज को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था। युवराज, टी20 वर्ल्ड कप से पहले और उसके दौरान अमेरिका में कई रोमांचक वर्ल्ड कप प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में होने वाला बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है। आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के चैंपियन युवराज सिंह ने कहा, 'मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें टी20 विश्व कप में खेलने से जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में 6 छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है, जो अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट होने वाला है'।

उन्होंने कहा, 'वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां फैंस इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं टी20 वर्ल्ड कप के जरिए उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं'।

भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर युवराज ने कहा कि, 'न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला इस साल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक होने जा रहा है, इसलिए इसका हिस्सा बनना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक नए स्टेडियम में खेलते हुए देखना सौभाग्य की बात है'।

आईसीसी टी20 विश्व कप 1-29 जून तक खेला जाएगा। टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में उद्घाटन मैच में सह-मेजबान यूएसए कनाडा से भिड़ेगा। 9 स्थानों पर 20 टीमों के बीच कुल 55 मैच खेले जाएंगे। फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा।




### दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ नहीं खेलेंगे वार्नर और ईशांत





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कैपिटल्स की ईशांत शर्मा और डेविड वार्नर की घायल जोड़ी शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में नहीं खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने इसकी पुष्टि की।

दोनों खिलाड़ी गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के पिछले मैच में नहीं खेले थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को इस महीने की शुरुआत में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अंगूठे में चोट लग गई थी, वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को पीठ की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

12 अप्रैल को वार्नर के बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। एक्स-रे रिपोर्ट में सब कुछ साफ हो गया था लेकिन बाएं हाथ के पोर के आसपास काफी सूजन थी।

पिछले हफ्ते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार के बाद इस खिलाड़ी ने वापसी की। हालांकि, ऐसा लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है क्योंकि वह बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के आखिरी मुकाबले में नहीं खेल पाए थे।

दूसरी ओर, ईशांत शर्मा ने कैपिटल्स के लिए आखिरी बार 17 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच खेला था।

# श्रुति हासन-शांतनु हजारिका का हुआ ब्रेकअप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ तक अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी श्रुति हासन हमेशा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। श्रुति हासन और शांतनु हजारिका हमेशा अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहते हैं। वहीं दोनों एक बार फिर अपने रिश्तों को लेकर लाइमलाइट में आ चुके हैं। कपल को लेकर झटका देने वाली खबर सामने आई है। खबर है कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका का ब्रेकअप हो गया है। वहीं अब चार साल रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। फिल्म इंडस्ट्री के स्टार कपल के ब्रेकअप की खबर सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रही है।



कुछ देर पहले पैपराजी अकाउंट विरल भयानी ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें दावा किया गया है कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका का ब्रेकअप हो गया है। कपल अब साथ नहीं हैं और सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं, श्रुति ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक क्रिप्ट नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'यह एक बहुत क्रेजी जर्नी थी, अपने बारे में और लोगों के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला।'

श्रुति हासन और शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के बारे में अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। श्रुति और शांतनु लंबे समय से डेटिंग कर रहे थे और पिछले कुछ सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में भी थे। वे अक्सर एक साथ नजर आते थे और वहीं एक-दूसरे के प्यार का इजहार करने से भी कभी नहीं कतराते थे। शांतनु एक प्रसिद्ध डूडल कलाकार हैं। उन्होंने रफ्तार, डिवाइन और रित्विज सहित कई पॉपुलर हस्तियों के साथ काम किया है।

## सुविचार

वक्त की कदर करो, वरना ये एक दिन तुम्हारी कदर करनी छोड़ देगा।

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | पंचमी 08:22-07:57 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्वषाढ़ा 04:49-04:42 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | 05:46 AM | चंद्रोदय | 11:16 PM |
| सूर्यास्त | 18:47 PM | चंद्रास्त | 09:29 AM |
| सूर्य राशि | मेष राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | 11:50 AM-12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:11-04:59 |
| त्योहार/व्रत | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | 05.09 से 06:47 तक | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

## कल का राशिफल

**मेष :** तैलीय भोजन से परहेज करें, सेहत बिगड़ सकती है। नौकरी कर रहे जातकों को अधिकारियों की बातें सुनकर काम करने का लाभ होगा, अन्यथा कोई गलती होने की संभावना बन रही है। किसी वरिष्ठ सदस्य से जिद न करें, अन्यथा उनकी नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

**वृष :** नई संपत्ति खरीदने के लिए शुभ समय हैं। संभावना है,आपका नया घर खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। व्यापार क्षेत्र में किसी नए काम के चलते खर्च की अधिकता होने की संभावना है। किसी धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों में व्यस्त हो सकते है। उधार दिया हुआ धन अटक सकता है।

**मिथुन :** आपकी सेहत में उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकता है। कामकाज की तलाश में भटक रहे जातकों को नया काम मिलने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी की बात को नजरअंदाज करने की वजह से मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क :** आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर बनी रह सकती है। ननिहाल पक्ष से धन लाभ की संभावना बन रही है। परिजनों के सामने आपकी किसी पुरानी गलती का पर्दाफाश हो सकता है। अति उत्साह में काम करने से कोई गलती होने की संभावना है।

**सिंह :** आपका आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में आपको लाभ दिला सकता है। किसी से धन उधार लेने की योजना सफल हो सकती है। किसी नए काम में निवेश करने से पहले पिताजी की सलाह लेना लाभकारी सिद्ध होगा। नए वाहन की खरीददारी करना शुभ रहेगा।

**कन्या :** आपके साहस और पराक्रम में बढ़ोत्तरी करने वाला रहेगा। कोई गोपनीय सूचना आज प्राप्त हो सकती है, जिसे किसी को न ही बताएं। जीवनसाथी की सेहत की चिंता सता सकती है। व्यापार की योजनाएं तैयार करने में भाई का सहयोग मिल सकता है। विरोधी छवि बिगाड़ने का प्रयास करेंगे।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में किसी काम को कल पर टालने से आपको समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में योग्यता के हिसाब से काम मिलेगा, लेकिन समय पर पूरा करें। पुराने मित्रों से मुलाक़ात संभव है। नौकरी कर रहे जातक बिन मांगे सलाह न ही देवें।

**वृश्चिक :** आप अपनी वाणी की वजह से सहकर्मियों को मुरीद बनाने में सफल रह सकते है। किसी से किया हुआ वादा पूरा करें, अन्यथा वाद–विवाद हो सकता है। शान शौकत की कुछ वस्तुओं की खरीदारी पर खर्च होगा। पिताजी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते है।

**धनुः** दिन बेहतर निकलने की पूरी उम्मीद है। रक्त से जुड़े रिश्तों में गहराई आएगी। आय व्यय में संतुलन बनाकर चलने का लाभ मिलेगा। दान धर्म के कार्यों में मन लगेगा। विदेश में घूमने की इच्छा पूरी हो सकती है।

**मकर :** किसी शुभ मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के योग बन रहे है। कार्यक्षेत्र में अपने प्रदर्शन से अधिकारियों की तारीफ पाने के हक़दार बनेंगे। वाहन चलाते समय थोड़ा सावधान रहने की जरुरत है। करियर को लेकर मन की शंका दूर होगी।

**कुंभ :** करियर के लिहाज से उत्तम रहने वाला है। कुछ जरूरी चर्चाओं में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। कुछ नए मित्र बन सकते है। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते–निभाते कोई गलती होने की संभावना है। नौकरी में प्रमोशन मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में अपने कामों की सूची बनाकर चलने का लाभ मिलेगा। किसी बाहरी व्यक्ति की सलाह पर अमल करने से बचें। आध्यात्मिक विषयों में मन लगेगा। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सेहत बिगड़ सकती है।

### सुहागिन महिलाएं जान लें बिछिया पहनने के धार्मिक नियम

# नहीं तो चुकानी पड़ेगी बड़ी कीमत!



**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए 16 श्रृंगार बेहद ही खास और महत्वपूर्ण बताया गया है। इस 16 श्रृंगार में बिछिया का अहम रोल है, इसलिए सुहागनें पैर में बिछिया अवश्य पहनती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं इसे पहनने के कुछ ज्योतिषशास्त्र के नियम भी होते हैं। चलिए बताते हैं कि बिछिया पहनते वक्त महिलाओं को किन बातों का विशेष ध्यान देना चाहिए।

**बिछिया पहनने का नियम**

सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि बिछिया कभी भी आवाज करने वाली ना हो। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार आवाज करने वाली बिछिया पहनने से पति पर कर्ज बढ़ता है। महिलाओं को कभी भी टूटी हुई बिछिया नहीं पहननी चाहिए, क्योंकि इससे पति के जीवन में संकट आ सकता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अपनी बिछिया किसी को नहीं देनी चाहिए और ना ही दूसरों का पहननी चाहिए। माना जाता है कि ये लापरवाही पति को आर्थिक नुकसान दे सकती है। इस चीज का विशेष ध्यान रखें कि पैरों में कभी सोने की बिछिया नहीं पहननी चाहिए, क्योंकि सोने को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है और सोना भगवान विष्णु को प्रिय है। पैरों में सोना पहनकर हम मां लक्ष्मी का अपमान करते हैं। बिछिया हमेशा अंगूठे के बगल वाली उंगली में ही पहननी चाहिए। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, हमेशा चांदी की बिछिया ही पैरों में पहननी चाहिए। इससे मानसिक शांति मिलती है। इस बात का भी खास ध्यान रखें कि बिछिया कोई आभूषण नहीं बल्कि सुहाग की निशानी है। इसे लेकर की गई गलती का खमियाजा उम्र भर भुगतना पड़ता है।

## अगर चाहते हैं चैन की नींद तो रिस्ट वॉच को लेकर भूलकर भी न करें ये गलती

**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु शास्त्र में आज पं. अजय कुमार तैलंग से जानिए कलाई में पहनी जाने वाली घड़ी के बारे में। आमतौर पर देखा गया है कि लोग अपने हाथ में पहनी जाने वाली घड़ी को सोते समय अपने तकिये के नीचे रखकर सोते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार घड़ी को कभी भी तकिये के नीचे रखकर नहीं सोना चाहिए।

तकिये के नीचे घड़ी रखकर सोने से उसकी आवाज नींद में खलल तो डालती ही है, साथ ही उससे निकलने वाली इलेक्ट्रो मैग्नेटिक तरंगें हमारे दिमाग और हृदय पर बुरा प्रभाव भी डालती हैं। इन तरंगों के चलते पूरे कमरे में नेगेटिव ऊर्जा पैदा हो जाती है जो आपकी मन की शांति को भंग कर देती है। साथ ही आपकी विचारधारा को नकरात्मक बना देती है।

ज्योतिष के अनुसार कभी भी बिना फिटिंग वाली घड़ी यानि ढीले पट्टे वाली घड़ी नहीं पहननी चाहिए। इससे आपका ध्यान भटक सकता है। साथ ही आपको किसी भी काम में सफलता मिलने में दिक्कत आएगी। वहीं, ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, गोल्डन और सिल्वर रंग की घड़ी बेहद शुभ मानी जाती हैं। यदि आप किसी जरूरी काम के लिए बाहर जा रहे हैं तो गोल्डन या सिल्वर रंग की घड़ी ही पहनें। इससे आपको सफलता मिलेगी।

## बेडरूम में बेड की दिशा क्या होनी चाहिए?

**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु आपके घरों के लिए उन्नति की दिशा बन सकता है। ये आपके जीवन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में आपको बेडरूम में भी सोच समझकर चीजें करनी चाहिए। इस कड़ी में वास्तु शास्त्र में आज हम बात करेंगे शयनकक्ष में सोने की सही दिशा और अन्य चीजों को रखने के बारे में। तो, सबसे पहले चर्चा शयनकक्ष में बेड या पलंग रखने की सही दिशा के बारे में आचार्य इंदु प्रकाश से जानते हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार बेड या पलंग को रखने के लिए कमरे में दक्षिण–पश्चिम दिशा का चुनाव करना चाहिए और उसका सिरहाना दक्षिण की ओर रखना चाहिए। वहीं, कमरे के ईशान कोण, यानी उत्तर–पूर्व दिशा की बात करें तो कमरे के इस हिस्से को खाली ही रखना चाहिए।

कई लोग शयनकक्ष में सोफा या कुर्सी भी रखते हैं। इसके लिये आप कमरे की पश्चिमी दीवार से सटाकर सोफा या कुर्सी रख सकते हैं। अगर पश्चिमी दिशा में रखना संभव नहीं है तो पूर्व दिशा की दीवार से चार–छः इंच की दूरी पर रखना चाहिए।

वहीं, कमरे में अलमारी के लिये दक्षिण दिशा का चुनाव करना चाहिए और उसकी पॉजिशन इस तरह रखनी चाहिए कि उसका मुख उत्तर दिशा की तरफ खुले। तो, वास्तु शास्त्र में ये थी चर्चा शयनकक्ष में बेड या पलंग रखने की सही दिशा के बारे में। उम्मीद है आप इस वास्तु टिप्स को अपनाकर जरूर लाभ उठाएंगे।

# अगर शादी में आ रही हैं अड़चनें, तो एक चुटकी हल्दी से करें ये उपाय



**यूनिक समय, मथुरा।** सनातन धर्म में पूजा–पाठ का बहुत ही खास महत्व है। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है। वहीं पूजा–पाठ, अनुष्ठान में कई सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। जिसमें से एक रसोईघर में इस्तेमाल होने वाली हल्दी है। हल्दी को बेहद ही शुभ माना जाता है। इसका इस्तेमाल शुभ कामों में किया जाता है। हल्दी के बिना सारी रस्में अधूरी मानी जाती है। इसे सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए भी किया जाता है। अगर आपके विवाह में अड़चनें आ रही है, तो ये लेख आपके लिए ही है। तो आइए आज हम आपको अपने इस लेख में हल्दी के कुछ उपायों के बारे में बताएंगे, जिसे करने से आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी।

अगर आप नकारात्मकता दूर करना चाहते हैं, तो नहाने के पानी में हल्दी मिलाने से आपको जरूर फायदा होगा। इससे आपके जीवन में सकारात्मकता का संचार होगा और सौभाग्य की प्राप्ति भी होगी।

अगर बृहस्पति को मजबूत करना चाहते हैं, तो भगवान विष्णु को हल्दी का तिलक लगाएं। इससे आपको भगवान गणेश के आशीर्वाद की भी प्राप्ति होगी।

अगर किसी कारण आपकी जल्दी शादी नहीं हो रही है और कई अड़चनों का सामना करना पड़ रह रहा है, तो आपको हर गुरुवार के दिन भगवान विष्णु के मंदिर जाकर उनकी पूजा करनी है और हल्दी अर्पित करनी है, साथ ही नहाने के पानी में एक चुटकी हल्दी डालकर स्नान करें। इससे आपको जल्द लाभ होगा।

घर में सुख–समृद्धि लाना चाहते हैं, तो रोजाना थोड़े से पानी में हल्दी डालकर घर में छिड़काव करें। इससे आपको जल्द फायदा होगा।

साइंटिफिक स्टडी के अनुसार, हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट का गुण होता है। ये त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे नियमित रूप से अपनी त्वचा पर लगाने से मुहांसे और दाग धब्बे से मुक्ति मिल जाती है और चेहरे पर एक अलग चमक आती है।

## थाइलैंड पुलिस ने किया था डिपोर्ट

# स्क्रैप माफिया रवि काना गर्लफ्रेंड संग दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार





**यूनिक समय, नोएडा।** स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा को नोएडा पुलिस ने शनिवार 27 अप्रैल को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थाइलैंड पुलिस ने 26 अप्रैल को डिपोर्ट किया था। जिसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया था। दोनों 31 दिसंबर 2023 को भारत से फरार होकर थाइलैंड पहुंच गए थे। जानकारी के अनुसार दोनों को पुलिस न्यायिक हिरासत में जेल भेजेगी। जेल भेजने के कुछ दिन बाद पुलिस दोनों की रिमांड मांग सकती है।

बता दें कि दोनों पुलिस की जांच और गिरफ्तारी के डर से थाइलैंड भाग गए थे। इसके बाद नोएडा पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर थाइलैंड पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद थाइलैंड पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शुक्रवार 26 अप्रैल को भारत को प्रत्यर्पित कर दिया था। इससे पहले नोएडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली समेत कई जगहों की 200 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति सीज कर दी थी। इसमें दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में 80 करोड़ की कीमत का बंगला भी इसमें शामिल है। बता दें कि यह बंगला उसकी महिला मित्र काजल झा के नाम पर था।

नोएडा पुलिस ने इसके अलावा बुलंदशहर के खुर्जा में 40 बीघा जमीन भी सील कर दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने संपत्ति विभिन्न अपराधों के जरिए अर्जित आय से बनाई थी। बता दें कि गैंगस्टर रवि के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और गैंगरेप के कई केस दर्ज है। महिला ने उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद जनवरी से ही पुलिस को उसकी तलाश थी। इस मामले में पुलिस ने उसके अलावा 14 अन्य लोगों को भी अरेस्ट किया है।

रवि काना के खिलाफ एक अन्य मामले सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन में दर्ज किये गये थे। इसमें महिला ने आरोप लगाया था कि रवि काना और 4 अन्य ने मिलकर उसका रेप किया और उसके बाद उसका वीडियो बना लिया। अब ये लोग इसे वायरल करने की धमकी दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी बोले

# बैलेट पेपर लूटने वाले अब ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सपा व कांग्रेस पर निशाना साधा है और कहा कि वो जब भी चुनाव हारते हैं ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं। अभी तक हुए मतदान में देश में फिर एक बार मोदी सरकार के रुझान नजर आ रहे हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी कांग्रेस, सपा या इंडिया गठबंधन से जुड़े दूसरे दल चुनाव हार रहे होते हैं तब ये हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास करते हैं।

2014 से लगातार आप ये बात सुन रहे हैं। गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी। क्या ये बैलेट पेपर से बनी थी? 2009 में केंद्र में यूपीए की सरकार बनी। क्या ये बैलेट पेपर से बनी थी?...कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग आज ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। अब तक दो चरणों के चुनाव में रुझान फिर एक बार मोदी सरकार के हैं।

बिता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से जुड़े विवाद पर अपना फैसला सुना दिया है और कहा कि मतपत्रों से चुनाव नहीं होंगे।

# ट्रेन की एसी बोगी बनी 'स्वीमिंग पूल'

**यूनिक समय, लखनऊ।** यात्रियों को शिकायत पर समस्या को दूर कर दिया गया है। मामले में रेलकर्मी को चार्जशीट दे दी गई है। वीडियो वायरल होने से रेलवे की किरकिरी हो गई।

सिकंदराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस की एसी बोगी छत से टपकते पानी से स्वीमिंग पूल सी बन गई। यात्रियों की शिकायत पर समस्या दूर कराई गई। मामले में रेलकर्मी को चार्जशीट दी गई है। बीते दिनों गोरखपुर से आनंदविहार जा रही हमसफर एक्सप्रेस की एसी बोगी में छत से पानी टपकने का वीडियो वायरल होने से रेलवे की किरकिरी हुई थी। अब नए मामले ने और फजीहत करा दी है।

ट्रेन 12590 सिकंदराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस के थर्ड एसी (बी–8) की सीट 12, 23 पर सफर करने वालों ने रेलवे के सोशल मीडिया अकाउंट पर शिकायत दर्ज कराई कि पूरी बोगी में पानी भर गया है। देखते ही देखते इसका वीडियो वायरल हो गया। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने मामले



सिकंदराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस की छत से टपकता रहा पानी

को गंभीरता से लिया और तुरंत मरम्मत करवाई। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पानी की पाइपों का कनेक्शन टूट गया था। इसके लिए जिम्मेदारी रेलकर्मी को चार्जशीट भी दी गई है। काठगोदाम से लखनऊ आ रही ट्रेन 15044 काठगोदाम–लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस की सेकेंड एसी बोगी ए–1 के शौचालय का नल खराब हो गया। इससे पूरी बोगी में पानी भर गया। यात्रियों की शिकायत पर समस्या दूर की गई।

## पोस्टमार्टम में नहीं खोला जाएगा सिर, स्कैनर से होगा काम

# इसी तकनीक से हुआ था राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम

**यूनिक समय, लखनऊ।** केजीएमयू के नए मोर्चरी भवन में इसको लेकर तैयारी चल रही है। अभी चोट न लगने पर भी पूरा सिर खोलना पड़ता है। इससे शव की स्थिति भी खराब हो जाती है।

केजीएमयू में ऐसी तैयारी चल रही है कि मोर्चरी में हर शव का सिर न खोलना पड़े। सिर पर चोट न होने पर महज स्कैनर से ही काम चल जाए। पोस्टमार्टम हाउस के नए भवन में इसकी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है।



किसी भी असामान्य मौत के मामले में शव का पोस्टमार्टम कानूनी प्रक्रिया है। इसमें डॉक्टर पूरा शरीर खोलते हैं। सिर भी अलग कर मौत के कारणों की पड़ताल की जाती है। कई बार मौत का कारण लगभग साफ होता है पर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है। चीर–फाड़ से शव की स्थिति खराब होती है। इस वजह से कई बार मृतक के घरवाले पोस्टमार्टम से परहेज करते हैं।

इसके विकल्प के रूप में स्कैनर की व्यवस्था होती है।

शरीर पर किसी प्रकार की चोट न होने पर शव को स्कैन किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही सिर या अन्य अंग को खोला जाता है। केजीएमयू में बनाए गए नए मोर्चरी भवन में आधुनिक तरीके से पोस्टमार्टम की योजना बनाई गई है। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है।

मशूहर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम भी इसी तकनीक से दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था। इसमें बिना किसी चीर–फाड़ के सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन और स्कैनर से कुछ समय में ही उनका पोस्टमार्टम हो गया था। उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी।




## आगरा में दर्दनाक हादसा

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, जिंदा जल गया मकान मालिक

**यूनिक समय, आगरा।** नगला किशनलाल में शुक्रवार देर रात एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर के अंदर सो रहे मकान मालिक की जिंदा जलकर मौत हो गई।

आगरा के ट्रांस यमुना क्षेत्र के नगला किशनलाल में शुक्रवार आधी रात को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग में मकान मालिक सत्य प्रकाश जिंदा जल गए। वो घर पर अकेले ही थे। पूरा परिवार पैतृक गांव हाथरस गया हुआ था।

नगला किशनलाल के रहने वाले सत्य प्रकाश मूल रूप से हाथरस के रहने वाले थे। बताया गया है कि उनकी पत्नी और बच्चे फिलहाल गांव में गेहूं की कटाई के लिए गए हुए हैं। सत्य प्रकाश घर पर अकेले ही थी। आधीरात को न जाने कैसे उनके घर में आग लग गई। लोगों

### गांव गया था पूरा परिवार

ने जब घर से आग की लपटों को उठते हुए देखा तो मौके की ओर दौड़ पड़े।

लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। आग इतनी भीषण थी कि घर में कोई प्रवेश नहीं कर पा रहा था। घर के अंदर सत्य प्रकाश फंसे हुए थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड़ मौके पर पहुंच गई। जब तक घर में लगी आग पर काबू पाया गया, जिंदा जलकर सत्य प्रकाश की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मकान मालिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गया।

# बच्ची के जन्म की खुशी पर बांटे लड्डू खाने से 15 बच्चे बीमार



**यूनिक समय, लखनऊ।** मेहंदीगंज इलाके में बच्ची के जन्म की खुशी पर बांटे गए लड्डू खाकर कई बच्चे बीमार हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

लखनऊ के मेहंदीगंज इलाके में बच्चे की खुशी के अवसर पर बांटे गए लड्डू खाने से 15 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। जिन्हें गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

घटना शुक्रवार देर शाम की है। बताया जा रहा है कि स्थानीय निवासी सहाना के घर में बच्ची का जन्म हुआ था जिसकी खुशी में सहाना ने बच्चों के बीच लड्डू का वितरण करवाया था। बताया जा रहा

### अस्पताल में भर्ती

है कि लड्डू खाने के बाद बच्चों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई।

बच्चों को देर रात गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कराया। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।

कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। वहीं, अभी भी करीब 9 बच्चों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में सुमायरा (7), बिलाल (12), रिजा (5), ताहिरा (6), तलहा (9), हसनैन (2) और इंशाअल्लाह (10) आदि बच्चे भर्ती हैं।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL
+91 9837115157
E-MAIL
Send Advertisement Details to:
informunicom@gmail.com
PAY
Online through-PAYTM

## सार संक्षेप

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह को जमानत दी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। बता दें कि उन्हें हाई-प्रोफाइल अपहरण और जबरन वसूली मामले में 7 साल कैद की सजा सुनाई गई थी।

### दिल्ली के रोहिणी स्थित डुप्लेक्स अर्पाटमेंट में आग, दो घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित रोहिणी के डुप्लेक्स अर्पाटमेंट में आग लग गई। फिलहाल दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं इस दुर्घटना में दो लोगो को चोटें आई हैं।

### तमिलनाडु में बस पलटी, 15 यात्री घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में उलुंदुरपेट के पास एक बस पलट जाने से 15 यात्री घायल हो गए। पलटी हुई बस को क्रेन की मदद से सीधा किया गया वहीं घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### कोलकाता समेत 4 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कोलकाता समेत देश के 4 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल मिला है। यह मेल कोलकात्ता एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा अधिकारी को किया गया था। मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा चाक-चौबंद की गई है। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी ने बाद में बताया कि धमकी के बाद एयरपोर्ट की तलाशी ली गई।

### दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में सुनीता केजरीवाल के चुनावी रण में उतरने से पहले आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में जमकर प्रदर्शन किया। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ जेल का जवाब वोट से अभियान चलाया।

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रांची की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने भूमि घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया।

# भेड़ के लिए घास उगानी थी तो जला दिया जंगल!



### लाखों का नुकसान, अब सेना बुझा रही आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नैनिताल के जंगल 36 घंटे से जल रहे हैं और अब तक कई हेक्टेयर के जंगल जलकर खाक हो चुके हैं। जंगल की आग को रोकने के लिए वन विभाग ने भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना से मदद मांगी है।

नैनिताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। शनिवार के दिन इस हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरा और इसकी मदद से जंगल में लगी आग को काबू करने की कोशिश की जाएगी। नैनिताल के जंगल में लगी आग को 36 घंटे हो चुके हैं, लेकिन अब तक वन विभाग इसे काबू में नहीं कर पाया है। इसी वजह से वन विभाग ने भारतीय थल सेना और भारतीय वायुसेना से मदद मांगी है। इस आग ने अब तक नैनिताल में कई हेक्टेयर में फैले जंगल को जलाकर खाक कर दिया है।

जंगल में लगी आग अब रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। इसी वजह से इसे काबू करने के लिए सेना की मदद ली जा रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। नैनी झील में नौकायान पर रोक लगा दी गई है। नैनीताल डिविजन के वन अधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने कहा कि मोरना रेंज के 40 कर्मी और दो फॉरेस्ट रेंजर आग बुझाने के काम पर लगा दिए गए हैं।

आग की लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी तक पहुंच गई हैं। नैनीताल भवाली रोड पर पाइंस के जंगलों में आग लगने से पूरी सड़क पर धुआं छाया हुआ है। आईटीआई भवन भी आग की चपेट में आ चुका है। पिछले 24 घंटों में उत्तराखंड में आग लगने के 31 नए मामले सामने आए हैं। 33.34 हेक्टेयर के जंगल जलकर खाक हो चुके हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अधिकारियों से सतर्क रहने और सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाए रखने के लिए कहा है।

गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगना आम बात है। अक्सर पेड़ों के सूखे तने हवा चलने पर आपस में घिसते हैं और इससे आग लग जाती है।

हालांकि, शुक्रवार को रूद्रप्रयाग में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो जंगल में आग लगाने की कोशिश कर रहे थे। इनमें से एक युवक ने पूछताछ के दौरान कहा है कि भेड़ चराने के लिए उसे घास की जरूरत थी। इस वजह से उसने जंगल में आग लगा दी। उत्तराखंड में पिछले साल नवंबर से लेकर अब तक आग लगने के 575 मामले सामने आए हैं। इससे 589.89 हेक्टेयर के जंगल प्रभावित हुए हैं और सरकार को 14 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## 36 यात्रियों को ले जा रही बस में लगी भीषण आग

**यूनिक समय, मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर शनिवार सुबह एक निजी बस में भीषण आग लग गई। बस में 36 यात्री सवार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई पुणे एक्सप्रेस हाईवे से यह बस जैसे ही वडगांव पुलिस थाना क्षेत्र के आड़े गांव में दाखिल हुई वैसे ही उसका टायर फट गया। बस में शॉर्ट सर्किट की वजह से देखते ही देखते भीषण आग लग गई लेकिन गनीमत रही के कोई बड़ा हादसा हो इससे पहले ही सभी 36 यात्रियों को सही सलामत बस से बाहर निकाला गया। बस में भीषण आग लगने की जानकारी पता चलते ही पुलिस, देवदूत यंत्रणा, डेल्टा फोर्स, वडगाव ट्रैफिक पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जब तक दमकलकर्मी आग पर काबू पाते तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी। इसकी वजह से मुंबई पुणे एक्सप्रेस हाईवे पर यातायात को रोक दिया गया था।

अभी हाल में ही मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खोपोली इंटरचेंज के पास आधी रात को एक बस में आग लग गई थी। घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। बस में आग लगने के बाद 42 यात्री तुरंत नीचे उतर गए और एक



### सभी यात्रियों को सही सलामत बस से बाहर निकाला गया

बड़ा हादसा टल गया था। आग से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी। आधी रात करीब ढाई बजे यात्रियों को लेकर एक निजी बस एक्सप्रेस-वे से पुणे के लिए जा रही थी। बस में आग लगने के बाद कुछ देर के लिए घाट में यातायात रोक दिया गया था।

## सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। केजरीवाल ने कहा है कि चारों गवाह इनके ही हैं।

दिल्ली शराब घोटाला कांड में फंसे तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गई याचिका में पूछे गए सवालों पर अपना जवाब दाखिल किया है। केजरीवाल ने ईडी के आरोपों पर कहा कि जांच एजेंसी के चारों गवाहों का संबंध भाजपा से है और इनके बयान के आधार पर ही मुझे गिरफ्तार किया गया है। अरविंद केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट से उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। इसके बाद अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुचे थे।

### सीएम ममता बनर्जी फिर चोटिल

# दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय फिसला पैर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सीएम ममता बनर्जी पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में अपने हेलीकॉप्टर में चढ़ने के बाद सीट लेते समय फिसल गईं और गिर गईं। जानकारी के अनुसार उन्हें मामूली चोट लगी है। वक्त रहते उनके पीछे खड़े सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाल लिया। फिलहाल वह अपनी आगे की यात्रा की के लिए आसनसोल के लिए रवाना हो गई हैं।

बता दें कि बंगाल की सीएम इन दिनों चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर 7 चरणों में मतदान होना है। इसी क्रम में वे आज सुबह पश्चिमी बर्धमान पहुंची। यहां वे रैली को संबोधित करने के बाद आसनसोल के लिए रवाना हो रही थी। ऐसे में वे जैसे ही हेलीकॉप्टर में बैठने के लिए चढ़ीं तो बैठने के दौरान वह नीचे गिर गईं।

सीएम ममता बनर्जी डेढ़ महीने पहले भी चोटिल हो गईं। जानकारी के अनुसार वे अपने घर में गिर गईं थी। हादसे में उनके सिर पर चोट आई थी। यह घटना 14 मार्च को हुई थी। हादसे के बाद सीएम को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनके माथे पर 3-4 टांके भी आए थे। ऐसे में उस हादसे के 44 दिन बाद वे एक बार फिर चोटिल हो गईं।

# पाक लड़की आयशा में धड़क रहा हिंदुस्तानी का दिल

### मुफ्त में हुआ इलाज तो हुई भारत की फैन

**यूनिक समय, चेन्नई।** भारत और पाकिस्तान के बीच कितनी भी दुश्मनी क्यों न हो लेकिन जरूरत पड़ने पर पड़ोसी ही पड़ोसी का साथ देते हैं और नया जीवन भी। कुछ ऐसा ही हुआ है पाकिस्तानी लड़की आयशा के साथ। सीमा पार कर भारत आई आयशा को डॉक्टरों ने न सिर्फ नया जीवन दिया बल्कि मुफ्त में उसका इलाज भी किया। उन्नीस वर्षीय आयशा रशन पिछले कई साल से हृदय रोग से पीड़ित थीं।

आयशा के परिवार ने चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल में इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट के निदेशक डॉ. केआर बालाकृष्णन और सह-निदेशक डॉ. सुरेश राव से परामर्श मांगा। मेडिकल टीम ने सलाह दी कि हृदय प्रत्यारोपण आवश्यक है क्योंकि आयशा के हृदय पंप में रिसाव हो गया था। उसे एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (ईसीएमओ) पर रखा गया।

एमजीएम हेल्थकेयर के डॉक्टर ने दिल्ली के एक अस्पताल से लाए 69 वर्षीय ब्रेड डेड मरीज का दिल आयशा में हार्ट ट्रांसप्लांट किया। आयशा की यह सर्जरी बिल्कुल फ्री में की गई। दरअसल मरीज के परिवार ने हार्ट प्रत्यारोपण के लिए करीब 35 लाख रुपये वहन करने में असमर्थता जताई। उनका कहना था कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

इसके बाद मेडिकल टीम ने परिवार को ऐश्वर्या ट्रस्ट से जोड़ा जिसने वित्तीय सहायता प्रदान की। भारत में आयशा 18 महीने रही।

आयशा की मां सनोबर ने कहा कि जब वह भारत पहुंची तो आयशा बमुश्किल जीवित थी, उसकी जिंदा रहने की उम्मीद मात्र 10 प्रतिशत रह गई थी। मैं "सच कहूं तो, भारत की तुलना में पाकिस्तान में कोई अच्छी चिकित्सा सुविधाएं नहीं हैं।

मुझे लगता है कि भारत बहुत मित्रवत है। जब पाकिस्तान में डॉक्टरों ने कहा कि कोई प्रत्यारोपण सुविधा उपलब्ध नहीं है तो हमने डॉ. केआर बालाकृष्णन से संपर्क किया। मैं भारत और डॉक्टरों को धन्यवाद देती हूं। आयशा और उसकी मां सनोबर ने भारतीय डॉक्टर और भारत सरकार को विशेषतौर पर धन्यवाद दिया। सनोबर ने कहा कि डॉक्टरों ने मुझे हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। भारत में रहने और पैसों तक की व्यवस्था डॉक्टरों की टीम ने की। मैं ट्रांसप्लांट से बहुत खुश हूं, मैं इस बात से भी खुश हूं कि एक पाकिस्तानी लड़की के अंदर एक भारतीय दिल धड़क रहा है। मैंने सोचा था कि यह कभी संभव नहीं है लेकिन ऐसा हुआ है। मां ने कहा कि आयशा एक नई आशा से भरी हुई है और वह फैशन डिजाइनर बनने का सपना देख रही है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो. 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053